प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

.....................

- राजस्थान लोकसेवा आयोग ने आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 का परिणाम जारी किया–2 हजार 168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये सफल घोषित।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर में जरूरतमंद और बेसहारा लोगों के लिए बनाये गये रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।
- कोटा–बूंदी क्षेत्र में सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू होगा।
- प्रदेश में तेज सर्दी का असर बरकरार–राज्य के विभिन्न जिलों में कोहरा छाने से जनजीवन प्रभावित।

.....................

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आरएएस मुख्य परीक्षा 2023 का नतीजा जारी कर दिया है। इस बार इंटरव्यू के लिए 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। सफल अभ्यर्थियों की सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने जानकारी दी कि दो अभ्यर्थियों के परिणाम कोर्ट केस के चलते और तीन के प्रशासनिक कारणों से रोके गए हैं तथा बीस अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा रद्द कर दी गई है। मेहता ने बताया कि साक्षात्कार की तारीख अभी तय नहीं की गई है। इसकी सूचना निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों को दे दी जाएगी।

.....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल देर रात जयपुर में जरूरतमंद और बेसहारा लोगों के लिए बनाये गये रैन बसेरे में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी रैन बसेरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री शर्मा ने रेन बसेरों में साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखने और एन्ट्री रजिस्टर को अच्छे से व्यवस्थित करने को कहा। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू मार्ग पर सड़क किनारे रह रहे निराश्रित और दिव्यांगजन को सर्दी से बचाव के लिए कंबल बांटे। मुख्यमंत्री ने आमजन से जरूरतमंद लोगों की मदद करने का आह्वान किया।

.....................

केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत आज जोधपुर दौरे पर रहेंगे। श्री शेखावत जोधपुर के मंडोर स्थित राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित 119वें फॉरेस्ट गार्ड ट्रेनिंग की पासिंग आउट परेड कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

.....................

भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव के लिए अधिकारी नियुक्त कर दिये है। केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को मध्यप्रदेश और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावडे को छत्तीसगढ के चुनाव अधिकारी का प्रभार दिया गया है। वहीं केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को असम और भूपेन्द्र यादव को गुजरात में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की निगरानी की कमान सौंपी हैं। इनके निर्देशन में राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव भी होगा।

.....................

राज्य की पैरा निशानेबाज मोना अग्रवाल को अर्जुन पुरस्कार 2024 दिया जायेगा। मोना अग्रवाल ने पैरालिंपिक्स 2024 में आर 2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 17 जनवरी को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में उन्हें ये पुरस्कार प्रदान करेंगी।

.....................

प्रदेश में संगठित साइबर अपराधों को रोकने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने कल से विशेष अभियान "ऑपरेशन साइबर शील्ड" शुरू किया है। ये अभियान 31 जनवरी तक चलेगा। पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि ये अभियान साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने, साइबर प्रकरणों और परिवादों के निस्तारण तथा नागरिकों को साइबर सुरक्षा और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा हैं।

.....................

गर्भवती महिलाओं को पोषण की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुपोषित मां अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू हो रहा है। इसकी शुरूआत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी कोटा के किशोरपुरा स्थित छप्पन भोग परिसर में करेंगे। अभियान के तहत जरूरतमंद परिवारों की डेढ़ हजार गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं को पोषण किट उपलब्ध कराई जायेगी। इसके साथ ही, उन्हें हर महीने पोषण किट, चिकित्सकीय परामर्श, निशुल्क दवाइयां और नियमित वैक्सिनेशन की सुविधा भी दी जाएगी। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ने कल कोटा के एमबीएस अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने वहां चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री बिरला ने कहा कि सरकार का आने वाले समय में सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर करने का प्रयास है।

.....................

पाली जिला प्रशासन और महिला अधिकारिता विभाग की ओर 7 दिवसीय अमृता हाट का मेले का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय बांगड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में कल इस मेले का उद्घाटन जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने किया। मेले में स्वयं सहायता महिला समूहों की ओर से निर्मित विभिन्न प्रकार के हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद साड़िया, जूतियां, राबोडी, बडिया, अचार, सौंफ सुपारी, हस्तशिल्प उत्पादो के साथ कुल 80 स्टॉल लगाई गई है। इधर, बाड़मेर में चल रहे अमृता हाट मेला परवान पर है। महिला उद्यमियों में उत्साह बना हुआ है।

.....................

प्रदेश में तेज सर्दी का असर बरकरार हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में कोहरा छाये रहने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है। दृश्यता कम होने की वजह से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। भरतपुर में रात से ही घना कोहरा छाया हुआ है। पाली में भी घने कोहरे के कारण साथ सर्द हवाओं से जनजीवन अस्तव्यस्त है। सवाईमाधोपुर में तेज सर्दी का असर बना हुआ है। तापमान में गिरावट के कारण कडाके की सर्दी पड रही है। करौली में कल धूप खिलने से सर्दी के असर में थोडी सी राहत मिली है। वहीं सीकर में तापमान में उतार चढाव बना हुआ है। जैसलमेर में सर्दी के चलते मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है। श्रीगंगानगर में भी तेज सर्दी का असर बरकरार है। हमारे संवाददाता ने बताया कि घने कोहरे के कारण जनजीवन प्रभावित है।

.....................

राज्य सरकार के देवस्थान विभाग की ओर से वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत आज उदयपुर के राणाप्रतापनगर रेल्वे स्टेशन से विशेष रेलगाड़ी कामाख्या के लिए रवाना होगी। यह ट्रेन अजमेर और जयपुर होते हुए जायेगी। इस यात्रा में कुल 776 यात्री शामिल होंगे, जिनमें उदयपुर से 226, अजमेर से 120 और जयपुर से 430 यात्री सवार होंगे।

.....................